**खबर संक्षेप**

### आदि उत्सव में विभागीय प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

**मण्डला।** रामनगर में आयोजित भव्य आदि उत्सव के दौरान विभिन्न विभागों एवं जनजातीय कलाकारों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर जनजातीय संस्कृति, कला और पारंपरिक विरासत की सराहना की। इस दौरान प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, गुजरात के जनजातीय कार्य मंत्री नरेश भाई पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में जनजातीय समाज की पारंपरिक जीवन शैली, लोककला, हस्तशिल्प, चित्रकला, धातु शिल्प, मिट्टी के बर्तन, पारंपरिक आभूषण एवं प्राचीन उपयोगी वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया। राज्यपाल श्री डेका ने विभिन्न स्टॉलों पर पहुँचकर कलाकारों और प्रतिभागियों से संवाद किया तथा उनके द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों और हस्तनिर्मित वस्तुओं की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में जनजातीय कलाकारों द्वारा तैयार पारंपरिक चित्रकला एवं प्राकृतिक रंगों से बनाई गई कलाकृतियों ने विशेष रूप से सभी का ध्यान आकर्षित किया। राज्यपाल श्री डेका ने कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जनजातीय कला और संस्कृति देश की अमूल्य धरोहर है, जिसे संरक्षित और प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इस दौरान पारंपरिक धातु एवं मिट्टी शिल्प से निर्मित प्राचीन उपयोगी सामग्री, बर्तन एवं आभूषणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। प्रदर्शनी में गोंडवाना संस्कृति और जनजातीय जीवन शैली की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियाँ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और गौरवशाली विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

## मोती महल का एक-एक पत्थर हमारे गौरवशाली इतिहास और पराक्रम की कहानी कहता है-सांसद

# रामनगर की मिट्टी में इतिहास की महक है-राज्यपाल

*** आदि उत्सव के दूसरे दिन भी गूंजी जनजातीय गौरव और विरासत की गाथा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आयोजित भव्य आदि उत्सव में जनजातीय संस्कृति, इतिहास, परंपरा और गौरवशाली विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरा आयोजन गोंडवाना साम्राज्य की ऐतिहासिक विरासत, जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित रहा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने अपने संबोधन में कहा कि रामनगर की मिट्टी में इतिहास की महक है। यह केवल एक स्थान नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और जनजातीय अस्मिता का प्रतीक है। आज मुझे इस पावन धरा में शामिल होने का अवसर मिला, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

उन्होंने कहा कि मंडला एवं आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में जनजातीय भाई-बहन इस वृहद आयोजन में सम्मिलित होते हैं, जो इस उत्सव की लोकप्रियता और सामाजिक महत्व को दर्शाता है।






आदि उत्सव ने अपनी विशिष्ट पहचान और ख्याति स्थापित की है तथा यह आयोजन जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि गोंडवाना साम्राज्य का इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। वीरांगना रानी दुर्गावती का शौर्य, बलिदान और मातृभूमि के प्रति समर्पण आज भी पूरे देश को प्रेरणा देता है। उन्होंने गोंडवाना नरेश दलपत शाह, अमर शहीद शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह के बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद किया।

राज्यपाल श्री डेका ने अपने संबोधन में मिलेट्स फेस्टिवल की भी सराहना करते हुए कहा कि मोटे अनाज को बढ़ावा देने की दिशा में यह आयोजन नई पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज सदियों से अपने जीवन में मोटे अनाज का उपयोग करता आया है। यह उनकी पारंपरिक जीवन शैली और प्रकृति के साथ सामंजस्य का प्रतीक रहा है। आज पूरा विश्व मिलेट्स के महत्व को समझ रहा है और इसे स्वास्थ्यवर्धक आहार के रूप में अपना रहा है।

इस अवसर पर केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, गुजरात के मंत्री नरेश भाई पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, लखनादौन पूर्व विधायक श्रीमती शशि ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, वरिष्ठ समाजसेवी श्री प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, श्री रुद्रेश परस्ते, कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, एसडीएम श्रीमती सोनाली देव, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती वंदना गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण, श्री वेदप्रकाश कुलस्ते, चौगान सरपंच श्रीमती विमला उइके, श्री श्रवन परते सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि, प्रदेश सहित विभिन्न जिलों से आए जनजातीय समाज के लोगों, पत्रकारगण, कलाकारों, इतिहासकारों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने आदि उत्सव की शुरुआत की पृष्ठभूमि से लेकर अब तक की उसकी ऐतिहासिक यात्रा का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के गौरव, इतिहास और पहचान को संरक्षित करने का एक व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व जिस उद्देश्य के साथ आदि उत्सव की शुरुआत हुई थी, आज वह एक विराट स्वरूप ले चुका है। देश और प्रदेश के विभिन्न राज परिवारों के सदस्य भी इस आयोजन में शामिल होते हैं, जो इसकी ऐतिहासिक महत्ता और बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि आदि उत्सव में शामिल होने वाली जनजातीय प्रतिभाओं और कलाकारों का सम्मान किया जाता है। पूर्व में अनेक प्रतिभाओं को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री स्तर पर भी सम्मान प्राप्त हो चुका है। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस आयोजन में शामिल होकर जनजातीय समाज की संस्कृति और परंपराओं को सम्मान दे चुके हैं।

सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि इस उत्सव का प्रमुख उद्देश्य गोंड वंश की प्राचीन परंपरा, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को वर्तमान पीढ़ी के साथ-साथ भावी पीढ़ी तक पहुँचाना है। वीरांगना रानी दुर्गावती, गोंडवाना नरेश दलपत शाह तथा अमर शहीद शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह के जीवन, संघर्ष और इतिहास को जीवंत करने का यह सतत प्रयास है। उन्होंने कहा कि रामनगर स्थित मोतीमहल का एक-एक पत्थर गोंडवाना साम्राज्य के पराक्रम, शौर्य और वैभव की कहानी कहता है। यह ऐतिहासिक धरोहर केवल भवन नहीं, बल्कि जनजातीय गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक है।

कार्यक्रम के शुरूआत में अतिथियों द्वारा मोतीमहल परिसर में स्थित शिलालेख पर जनजातीय संस्कृति की परंपरा अनुसार पूजन किया गया। इसके पश्चात मुख्य कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन भी किया गया। सांसद श्री कुलस्ते द्वारा राज्यपाल श्री डेका एवं अन्य अतिथियों को पगड़ी एवं बीरन माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जनजातीय लोकनृत्य, पारंपरिक संगीत, लोकगाथाओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाओं, जनजातीय वेशभूषा, चित्रकला और ऐतिहासिक विरासत पर आधारित प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी में जनजातीय समाज की जीवन शैली, संस्कृति और प्राचीन परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा कक्षा बारहवी में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा मीना तिलगाम को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में आयोजित संगोष्ठी में शिक्षाविदों, इतिहासकारों ने कहा कि जनजातीय संस्कृति केवल लोकजीवन का हिस्सा नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों की जीवंत धरोहर है। इसे संरक्षित और संवर्धित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को अपने इतिहास, संस्कृति और पूर्वजों के गौरवशाली संघर्ष से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। पूरे आयोजन में गोंडवाना साम्राज्य की ऐतिहासिक विरासत और जनजातीय अस्मिता की विशेष झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय और दिलीप मरावी ने किया।





## कृषि तकनीक और योजनाओं की जानकारी लेकर गांव-गांव पहुंचेगा कृषि रथ

**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाए जाने के अंतर्गत जिले में कृषि रथ अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर रामनगर में आयोजित आदि उत्सव कार्यक्रम में प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि रथ आगामी 10 दिनों तक जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगा। अभियान के दौरान किसानों को कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, फसल विविधीकरण, पराली प्रबंधन तथा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना जैसी विभिन्न योजनाओं और तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान तकनीकी विशेषज्ञ किसानों की समस्याओं का समाधान भी करेंगे तथा उन्हें खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस दौरान गुजरात के मंत्री श्री नरेश भाई पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, उप संचालक कृषि श्री अश्विनी झरिया एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## नर्मदा सनराइजर्स और फाइन चैलेंजर के मध्य आज होगा मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला क्रिकेट संघ (DCA) एवं मैकल क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए 1 मई से 15 दिवसीय क्रिकेट समर कैंप जारी है साथ ही एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट मैकल कप 2026 का शुभारंभ 9 मई से स्टेडियम ग्राउंड मंडला हो रहा है जिसका फाइनल मुकाबला नर्मदा सनराइजर्स और फाइन चैलेंजर के मध्य सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा।

विदित हो कि टूर्नामेंट में तीन टीम शामिल थी जो लीग मैच खेल रही थी। जिसमें तीनों टीम ने दो दो मैच जीता किंतु रन रेट के आधार पर दो टीम ने फाइनल में जगह बनाई है।

टूर्नामेंट में मैकल मंडला, नर्मदा सनराइजर्स एवं फाइन चैलेंजर हिस्सा ले रहे हैं।कैंप एवं मैच के दौरान चयन समिति के सदस्य इम्तियाज अली,पंकज दुबे, अर्जुन भांडे जी,अक्षय चंद्रोल, श्री फैजानी एवं प्रशिक्षक बसंत ठाकुर, सत्यम बर्मन, युवराज यादव, मोहित बर्मन, शैलेन्द्र सहित पत्रकार जावेद अली, श्री सिकंदर, प्रशांत पटेल, सत्यप्रकाश दुबे सहित सभी सदस्य समय समय पर उपलब्ध रहेंगे। लीग पश्चात फाइनल मैच एवं कैंप फायर आज 17 मई को शाम 5 बजे महात्मा गांधी मैदान में होगा जिसमें पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न होगा।

**आंदोलन** | **रामनगर के किलों और मंडला के बुर्ज को बचाने आम आदमी पार्टी मंडला ने खोला मोर्चा।**

# ऐतिहासिक स्थलों की बदहाल स्थिति


*** लोगों से समर्थन की अपील।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आम आदमी पार्टी मंडला द्वारा जिले की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी द्वारा रामनगर के दल बादल महल, बेगम महल एवं मंडला के किले वार्ड में बचे हुए 2 बुर्जों को बचाने के उद्देश्य से उनका भ्रमण किया जा रहा है।

इस दौरान किलों और बुर्जों की वर्तमान स्थिति के वीडियो बनाकर प्रशासन और आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। पार्टी की मांग है कि इन ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित कर इन्हें एक बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, जिससे न केवल जिले की पहचान मजबूत होगी बल्कि सैकड़ों लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।







### आदिवासी क्षेत्र की अनदेखी पर उठाए सवाल

पंकज सोनी ने आरोप लगाया कि मंडला एक आदिवासी बहुल जिला है, जहां वर्षों से आदिवासी जनप्रतिनिधि चुने जाते रहे हैं, इसके बावजूद जिला आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है।

उन्होंने कहा कि आज भी ग्रामीणों को पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही दलों के नेताओं ने आदिवासी समाज की समस्याओं को नजरअंदाज किया है।

भ्रमण के दौरान यह भी देखने को मिला कि चुनाव के बाद जनप्रतिनिधि जनता के बीच नजर नहीं आते।

### धरोहरों की दुर्दशा पर जताई नाराजगी

जिला अध्यक्ष ने कहा कि किलों और ऐतिहासिक स्थलों की बदहाल स्थिति यह दर्शाती है कि जनप्रतिनिधियों में न तो इच्छाशक्ति है और न ही अपने इतिहास और समाज के प्रति संवेदनशीलता।

### जल्द संरक्षण नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

आम आदमी पार्टी मंडला ने प्रशासन से मांग की है कि इन धरोहरों को तत्काल संरक्षित किया जाए। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पंकज सोनी ने समस्त आदिवासी समाज एवं जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान में आम आदमी पार्टी मंडला का समर्थन करें, ताकि हमारी ऐतिहासिक धरोहरों को बचाया जा सके।

## वैदिक गुरुकुल में लगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल के वार्षिक उत्सव के अवसर पर ग्राम गयाजीपुर में सनातन वैदिक गुरुकुलम गोशाला समिति द्वारा आयोजित युवक व युवती चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ किया गया। विशेष शिविर का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन पूजन के साथ किया गया। गुरुकुल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन अभिभावक ग्रामीणजन एवं युवा उपस्थित रहे। शिविर के शुभारंभ अवसर पर विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक परंपरा के अनुसार हवन एवं पूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान उपस्थित युवाओं को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं अनुशासित जीवन के महत्व से अवगत कराया गया। आचार्य भीमदेव जी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, संस्कार आत्मविश्वास अनुशासन एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि का विकास करना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा पीढ़ी को आधुनिकता के साथ-साथ अपने संस्कारों एवं संस्कृति से जोडन्ना अत्यंत आवश्यक है। गुरुकुल में आयोजित यह शिविर युवाओं के शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिविर के दौरान योग ध्यान वैदिक अध्ययन, प्रेरणादायक व्याख्यान, व्यक्तित्व विकास एवं नैतिक शिक्षा जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। अभिभावकों एवं श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में सार्थक प्रयास बताया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में तारेंद्र चौरसिया समाजसेवी, प्रेमलाल गुप्ता भूतपूर्व सैनिक, राजू राजपूत, हेमंत सोनी, श्री राजपूत एवं पतंजलि योग समिति सदस्यगण व जिले समाजसेवी व ग्राम गाजीपुर के ग्रामीणो की विशेष उपस्थिति में शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर से जुडन्ने एवं युवाओं को संस्कारवान बनाने के इस अभियान में सहभागी बनने अपील की है।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षणए योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा.



**डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत पाटनगढ़ए सुनपुरीए बुंदेलाए कटीगहन सहित अन्य पंचायतों का भ्रमण कर विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजनाए जनमन आवासए नल.जल योजनाए सोख्ता टैंक निर्माणए जल जीवन मिशनए पशुपालन विभाग के टीकाकरण अभियानए मां की बगियाए वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जल संरक्षण के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि भविष्य में जल संकट से बचने के लिए अभी से प्रभावी प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि जिले में जनभागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत श्गांव का पानी गांव मेंए खेत का पानी खेत मेंए हैंडपंप का पानी हैंडपंप में तथा कुएं का पानी कुएं मेंश की अवधारणा पर कार्य किया जा रहा है।

### खनिज विभाग की कार्रवाईए अवैध परिवहन करते तीन वाहन जब्त

**डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 15 मई 2026 को खनिज विभाग की टीम ने अलग.अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अवैध परिवहन में संलिप्त तीन वाहनों को जब्त किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नानए तहसील डिंडौरी एवं थाना समनापुर क्षेत्र में एक डंपर क्रमांक एमपी 18 जीए 4420 को गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन को कार्रवाई के बाद सुरक्षार्थ थाना समनापुर में खड़ा कराया गया है।वहीं ग्राम मोहत्तराए तहसील बजाग में एक बिना नंबर ट्रैक्टर.ट्रॉली को खनिज गिट्टी का ओवरलोड परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्त कर थाना गाड़ासरई में सुरक्षार्थ रखा गया।

# हल्की आंधी में गिरे नए बिजली पोल, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल, मानिकपुर 33 केवी लाइन निर्माण में लापरवाही के आरोप, ग्रामीणों ने जांच की मांग उठाई



**डिंडोरी।** शहपुरा विकासखंड के ग्राम मानिकपुर में प्रस्तावित 33 केवी सब स्टेशन से जुड़ा विद्युत लाइन निर्माण कार्य अब विवादों में आ गया है। हाल ही में आई हल्की आंधी और तेज हवा के दौरान नई लाइन के लिए लगाए गए कई बिजली पोल धराशायी हो गए। घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा विद्युत पोल निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं लगाए गए। ग्रामीणों के मुताबिक पोल बिना मजबूत पीएससी बेस और आवश्यक तकनीकी प्रक्रिया अपनाए खड़े कर दिए गए थे। यही कारण रहा कि लाइन में अभी विद्युत प्रवाह शुरू भी नहीं हुआ था और उससे पहले ही पोल आंधी का दबाव नहीं झेल सके। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य की शुरुआत से ही अनियमितताएं सामने आ रही थीं। पोल लगाने के दौरान ही विभागीय अधिकारियों को मौखिक रूप से गुणवत्ता संबंधी शिकायतें दी गई थींए लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। लोगों ने विद्युत विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि मानकों की अनदेखी कर कार्य कराया गयाए जिसका परिणाम अब सामने है।गौरतलब है कि मानिकपुर में बनने वाले नए 33 केवी सब स्टेशन का भूमिपूजन क्षेत्रीय विधायक




ओमप्रकाश धुर्वे द्वारा किया गया था। इस परियोजना से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही थीए लेकिन शुरुआती चरण में ही सामने आई खामियों ने पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।

# मनरेगा सामग्री भुगतान में डिंडोरी जिले को बड़ी राहत, पंचायतों में विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार.

### डिंडोरी जनपद को सर्वाधिक 3074 करोड़ए शाहपुरा को 3 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत

**डिंडोरी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ;मनरेगाद्ध के तहत लंबित सामग्री भुगतान को लेकर मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल ने बड़ा आवंटन जारी किया है। परिषद के पत्र क्रमांक 851 दिनांक 15 मई 2026 के अनुसार प्रदेशभर की जनपद पंचायतों के लिए कुल 526ण्21 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें डिंडोरी जिले की सभी जनपद पंचायतों को करोड़ों रुपये का आवंटन मिला हैए जिससे लंबे समय से प्रभावित विकास कार्यों और लंबित भुगतानों को गति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

जारी सूची में डिंडोरी जिला प्रदेश के प्रमुख जिलों में शामिल है। जिले की सातों जनपद पंचायतों को बड़ी राशि स्वीकृत हुई है। इनमें डिंडोरी जनपद पंचायत को सबसे अधिक 374ण्24 लाख रुपये मंजूर किए गए हैंए जबकि शाहपुरा जनपद पंचायत को 305ण्77 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। इसके अलावा अमरपुर को 238ण्55 लाखए बजाग को 176ण्94 लाखए करंजिया को 162ण्24 लाखए मेंहदवानी को 213ण्33 लाख तथा समनापुर को 98ण्33 लाख रुपये जारी किए गए हैं। परिषद द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2025.26 में श्एक बगिया मां के







नामश अभियान के लंबित देयकों का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके बाद श्जल गंगा संवर्धन अभियानश से जुड़े कार्यों का भुगतान किया जाएगा तथा शेष भुगतान थ्थ्ळ प्रणाली के तहत किए जाएंगे। साथ ही जिला स्तर पर मजदूरी एवं सामग्री भुगतान का 60रू40 अनुपात बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

डिंडोरी जिले में लंबे समय से मनरेगा अंतर्गत सामग्री भुगतान लंबित होने के कारण कई पंचायतों में निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे थे। पंचायत प्रतिनिधियों और सप्लायरों द्वारा लगातार भुगतान की मांग की जा रही थी। अब राशि स्वीकृत होने के बाद सीसी सड़कए तालाब गहरीकरणए नाली निर्माणए पौधारोपण और जल संरक्षण से जुड़े कार्यों में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। शाहपुरा जनपद पंचायत को मिली 305ण्77 लाख रुपये की राशि क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यदि राशि का उपयोग पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया गया तो लंबे समय से अधूरे पड़े कई कार्य पूरे हो सकेंगे। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में कई योजनाओं में भुगतान और गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते रहे हैंए इसलिए इस बार कार्यों की नियमित निगरानी जरूरी होगी।

# बिजली गुल होते ही ठप हो जाता है जिओ नेटवर्क, उपभोक्ताओं में बढ़ता आक्रोश

शहपुरा दृ डिंडोरी जिले के शहपुरा क्षेत्र में रिलायंस जिओ की नेटवर्क व्यवस्था इन दिनों उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में जिओ नेटवर्क की स्थिति लगातार खराब बनी हुई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कंपनी 5ळ सेवा के बड़े.बड़े दावे तो कर रही हैए लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि शहपुरा नगर में यदि एक घंटे के लिए भी बिजली सप्लाई बंद हो जाए तो जिओ का नेटवर्क पूरी तरह ठप हो जाता है। ऐसे में ऑनलाइन कार्यए डिजिटल पेमेंटए बैंकिंग सेवाएं और मोबाइल इंटरनेट आधारित काम पूरी तरह प्रभावित हो जाते हैं। व्यापारियों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैए क्योंकि नेटवर्क बंद होते ही ऑनलाइन लेनदेन रुक जाता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और भी खराब बताई जा रही है। कई गांवों में उपभोक्ता घर के अंदर से सामान्य वीडियो कॉल तक नहीं कर पा रहे हैं। इंटरनेट स्पीड इतनी कमजोर रहती है कि जरूरी काम भी समय पर नहीं हो पाते। छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई से लेकर आम लोगों की दैनिक जरूरतें तक प्रभावित हो रही हैं। जिओ उपभोक्ताओं ने बताया कि नेटवर्क समस्या को लेकर कई बार कंपनी की हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई गई। कुछ उपभोक्ताओं ने उपभोक्ता फोरम तक में शिकायत पहुंचाईए लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। लगातार बनी इस समस्या से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।




क्षेत्र में सबसे अधिक मोबाइल उपभोक्ता जिओ नेटवर्क का उपयोग करते हैं। ऐसे में नेटवर्क बाधित होते ही हजारों लोगों का काम प्रभावित होता है। लोगों का कहना है कि यदि कंपनी जल्द ही नेटवर्क व्यवस्था दुरुस्त नहीं करती तो उपभोक्ताओं का भरोसा टूट सकता है और कंपनी को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं ने मांग की है कि शहपुरा और ग्रामीण क्षेत्रों में जिओ के नेटवर्क सिस्टम को मजबूत किया जाए तथा बिजली कटौती के दौरान भी नेटवर्क चालू रखने के लिए पर्याप्त बैकअप व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# कलेक्टर ने ग्राम बोंदर का किया निरीक्षण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश



**डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड बाजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत बोंदर का निरीक्षण कर विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गांव में निर्मित सोख्ता टैंकोंए प्रधानमंत्री आवास योजना तथा नल.जल योजना के तहत संचालित कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने पशुपालन विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान की भी समीक्षा की और अधिकारियों को शासन की योजनाओं का नियमित रूप से क्रियान्वयन करने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान ग्रामीण शुकली बाई मरकाम ने कलेक्टर को बताया कि हाल ही में आए तूफान के कारण गांव का एक विद्युत खंभा गिर गया हैए जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तीन दिवस के भीतर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद पंचायत बाजाग के अधिकारियों को वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व सभी निर्माण कार्य समय.सीमा में पूर्ण कराने के लिए कहा।कलेक्टर ने पीएचई विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त एवं सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रामबाबू देवागंनए जनपद पंचायत बाजाग के सीईओ सचिन अग्रवालए पीएचई विभाग के अफजल उल्ला खानए एसडीईओ वीरसिंह तिलगामए मनोज उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जलभराव से बदहाल हुई सड़क, नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल





### सेंट्रल बैंक के सामने कई दिनों से भरा पानीए राहगीरों और व्यापारियों को हो रही परेशानी

**शहपुरा।** नगर परिषद की लापरवाही के चलते शहपुरा नगर की मुख्य सड़क पर जलभराव और कीचड़ की समस्या गंभीर होती जा रही है। नगर के व्यस्त मार्गों में शामिल सेंट्रल बैंक के सामने पिछले कई दिनों से सड़क पर पानी जमा हैए जिससे राहगीरोंए वाहन चालकों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि समस्या की जानकारी कई बार नगर परिषद को दी गईए लेकिन अब तक न तो पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था की गई और न ही सड़क सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया। सड़क पर फैले कीचड़ और गंदे पानी के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया हैए वहीं दोपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

व्यापारियों का कहना है कि लगातार जलभराव रहने से ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। कई दुकानों के सामने कीचड़ जमा होने से व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि नगर परिषद केवल कागजी विकास कार्यों तक सीमित नजर आ रही हैए जबकि जमीनी स्तर पर मूलभूत समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।नगरवासियों ने कहा कि नगर के प्रमुख मार्ग की यह स्थिति परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। नागरिकों का आरोप है कि अधिकारी निरीक्षण और बैठकों तक सीमित हैंए लेकिन आम जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई दे रही।स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द जलनिकासी और सड़क सुधार का कार्य नहीं कराया गया तो किसी दिन बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होने पर नगर परिषद के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

# जिले की 23 नल.जल योजनाओं का होगा जीर्णोद्धार पेयजल व्यवस्था मजबूत करने 90.39 लाख रुपये स्वीकृत



**डिंडौरी।** ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिले की 23 बंद एवं प्रभावित नल.जल योजनाओं के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया है। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 90 लाख 39 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है।जिले के कई गांवों में नल.जल योजनाएं लंबे समय से बंद थीं या मरम्मत के अभाव में प्रभावित हो रही थीं। पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार आवेदनए जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायतें दर्ज कराई जा रही थीं। समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने त्वरित समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार की।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागए राजस्व विभाग एवं जनपद पंचायतों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत बंद पड़ी योजनाओं की मरम्मत एवं आवश्यक संसाधनों की पूर्ति कर उन्हें पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।इसके बाद संबंधित जनपद पंचायतों से समन्वय कर योजनाओं का चयन किया गया तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तकनीकी अमले द्वारा स्थल निरीक्षण कर तकनीकी प्रतिवेदन तैयार किया गया। तकनीकी स्वीकृति के बाद 23 ग्रामीण नल.जल योजनाओं के सुदृढ़ीकरण और शत.प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई।

इन योजनाओं में समनापुर विकासखंड के झांकीए मोहदा एवं माड़ागौर रैयतए करंजिया के लखनपुर एवं करौंदीए बजाग के परस्वाह रैयतए शहपुरा के सलैया मालए दल्काखमरियाए ददरगांवए बड़झर माल एवं डोमदादरए डिंडौरी विकासखंड के धनगांवए बातोंधाए गनवाहीए दुहनिया एवं डांडविदयपुरए मेहंदवानी के बर्रई रैयतए खमरिया मालए कुसेरा एवं कनेरी माल तथा अमरपुर के सक्का एवं जैतपुरी ग्राम शामिल हैं।सभी कार्यों को 45 दिनों के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

# सक्का में चौड़ी सड़क निर्माण कार्य बनी आमजनों के लिए मुसीबत का सबब



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम सक्का में जन सुविधा हेतु शासन द्वारा अच्छी और चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। इसी के तहत मंडला से डिंडौरी मार्ग जोकि वर्षों से निर्माणाधीन हैं। परंतु यह सड़क वर्तमान समय में सक्का निवासियों एवं अमरपुर की ओर जाने वाले वाहन चालकों के लिए बड़ी मुसीबत का सबब बनी हुई हैं। मंडला से डिंडौरी सड़क निर्माण में सक्का ग्राम में सड़क की इतनी खुदाई कर दी गई हैं कि अमरपुर की ओर जाने वाली सड़क पहाड़ जैसे निर्मित हो गई हैं। सड़क किनारे बने दुकानों में व्यापारियों को सीढ़ी लगाना पड़ रहा हैं। इसके साथ ही दोपहिया या चारपहिया वाहनों को इस चढ़ाई में चढ़ने पर भारी मशक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। वहीं पर आमजनों को भी भारी खतरे से गुजरना पड़ रहा हैं। अधिक भारी वाहन या सवारी गाड़ी भी कभी घाट ना चढ़कर पीछे आ जाते हैं। जोकि कभी भी बड़ी घटना का कारण बन सकते हैं। अभी से ही बेमौसम बारिश में भारी वाहन तो सिलिप होते ही हैं। वहीं पर दोपहिया वाहन चालक तो सिलिप होकर गिर भी जाते हैं। अमरपुर पेट्रोल पंप में जाने वाला टैंकर चालक ने बताया कि सक्का में टैंकर बहुत मुश्किल से चढ़ना पड़ता हैं। इस जगह अक्सर बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी रहती हैं। यहां से वाहन लेकर जाना हमारी मजबूरी बनी हुई हैं। क्योंकि पेट्रोल और डीजल तो जनता की सुविधा के लिए पंप तक पहुंचा नहीं पड़ता हैं। वहीं पर इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि यहां बाइक चालक तो गिरते ही रहते हैं। साथ ही बड़े भारी वाहन रिवर्स हो जाते हैं। जोकि एकाध दिन बहुत ही खतरनाक साबित हो सकता हैं। इसके साथ ही यह भी कहा



गया कि जब से सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ हैं। जिसकी खुदाई में नल जल की पाइप निकल गई हैं। तभी से नल जल योजना से पानी मिलना भी बंद हो गया हैं। जिसकी शिकायत हमारे द्वारा जिला कलेक्टर से भी की गई हैं। परंतु आज तक आश्वासन में ही टिके हुए हैं। मजबूरी में हम ग्रामीणों को 5 रूपए प्रति डिब्बा की दर से पानी खरीदना पड़ रहा हैं। हम सभी ग्रामवासी यह चाहते हैं कि सक्का में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के साथ ही अमरपुर सड़क निर्माण कार्य बारिश के मौसम के पूर्व ही अतिशीघ्र कराया जाना जनहित में होगा।

## खबर संक्षेप

### महिला ने खाई जहरीली वस्तु

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज में महिला द्वारा अपने ही घर पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया । पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा पति रवि पटेल निवासी खमतरा द्वारा अपने ही घर पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### बच्चे ने खाई जहरीली वस्तु

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली स्थित धनारे कालोनी में दो वर्ष के बालक द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पुलिस ने बताया कि राघव नेमा पिता राम नेमा उम्र 2 वर्ष द्वारा अपने घर पर खेलते समय जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के ग्राम खैरीनाक में हुई सड़क दुर्घटना में महिला घायल हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुष्पा बाई जाट पति बलीराम जाट निवासी किसानी वार्ड खैरी नाका के पास हुई सड़क दुर्घटना मे घायल हो गई जिनका उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है।

### व्यक्ति ने खाया जहर

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी निवासी व्यक्ति द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दशरथ मेहरा पिता मोहन मेहरा उम्र 39 वर्ष निवासी बौछार थाना ठेमी द्वारा अज्ञात कारणों से अपने ही घर पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### मृतक श्रमिकों को 10 लाख की सहायता राशि देने मांग

**नरसिंहपुर।** जिले के बचई स्थित एथेनॉल प्लांट में हुए एक दर्दनाक हादसे में दो श्रमिकों की जान चली गई है। कार्यालय श्रम पदाधिकारी, नरसिंहपुर द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना 4 मई को प्लांट में पाइप फटने के कारण हुई थी। श्रम पदाधिकारी नरसिंहपुर ने मध्य प्रदेश इंटक के सचिव शंकर दयाल शर्मा को सूचित करते हुए मामले में अब तक की गई प्रगति का विवरण साझा किया है। आर्थिक सहायता मृतक श्रमिक संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत थे। उनके आश्रितों को अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करने की प्रक्रिया विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है। प्लांट का निरीक्षण एथेनॉल प्लांट बचई का श्रम अधिनियमों के तहत विस्तृत निरीक्षण करने के लिए श्रमायुक्त कार्यालय, इंदौर से अनुमति मांगी गई है। इसके लिए 6 मई 2026 को पत्र भेजा गया था, क्षतिपूर्ति मामला कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के तहत मुआवजे की कार्यवाही वर्तमान में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कार्यालय, जबलपुर द्वारा संचालित की जा रही है। इस घटना में पीडित परिवारों से मिलने उनके गांव पहुंचे शंकर दयाल शर्मा सचिव मध्य प्रदेश (इंटक), विनोद पांडेय सचिव (इंटक) जबलपुर,संतोष शुक्ला जिलाध्यक्ष नर, राजेंद्र ब्रम्हपुरिया ट्रांसपोर्ट फेडरेशन कोषाध्यक्ष (इंटक) व सुरेंद्र शर्मा ट्रांसपोर्ट फेडरेशन अध्यक्ष आदि मृतक श्रमिकों के घर गये एवं मृतक श्रमिको को 10 लाख रूपये की राशि दी जाये यह मांग की उक्त इंटक पदाधिकारियों ने बचई इथेनॉल प्लांट प्रबंधन से भी चर्चा कर उक्त मामले में नियमों के अनुसार पीडित परिवारों को उचित सहायता राशि दिए जाने का आग्रह किया।

### अंबर सोनी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में टाप टेन सूची में



**तेंदूखेड़ा।** बच्चों को यदि समय पर उचित मार्गदर्शन मिल जाता है तो बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से पीछे नहीं रहते हैं।ऐसा ही एक उदाहरण तेंदूखेड़ा नगर के प्रतिष्ठित रघुनाथ ज्वेलर्स के रघुनाथ सोनी के सुपुत्र देवेन्द्र सोनी एवं पुत्र बधू श्रीमति नीतू सोनी के होनहार सुपुत्र अंबर सोनी ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा बारहवीं में 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय की टाप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया है। अंबर की इस सफलता से जहां परिवार का नाम रोशन हुआ है ।

## सलाहकार समिति जिले के विकास के लिए है अभिनव पहल: प्रभारी मंत्री

# विकास के लिए सभी से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

गत दिवस प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अभिनव पहल पर जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति के माध्यम से जिले के विकास से संबंधित सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे, जिससे जिले में विकास योजनाओं व कार्यों को गति दी जा सकेगी तथा समग्र विकास सुनिश्चित होगा। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने आयोजित बैठक में गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए कहा कि गेहूं नरसिंहपुर जिले की प्रमुख फसल है और सभी किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा तथा खरीदी प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया जाएगा।

### स्थानीय संसाधनों का हो उपयोग

उन्होंने कहा कि जिले में दीर्घकालीन विकास के लिए सभी से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे, जिससे जिले में विकास योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर हो सके और विकास कार्यों को गति दी जा सके। जिले के परंपरागत कौशल को चिन्हित कर वोकल फॉर लोकल के सिद्धांत को दृष्टिगत रखते हुए जिले की समृद्धि का रोडमैप तैयार किया जाएगा तथा स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। जिले में शासकीय योजनाओं व कार्यों को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए दिए गए सुझाव पर विचार किए जाएंगे और स्थानीय स्तर पर प्रचलित नवाचारों को भी प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। जिले में उद्योग, व्यापार, जल संरचनाओं के संरक्षण, निर्यात, कृषि, खनिज, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में जिले की विकास योजनाओं के लिए सुनियोजित एवं समन्वित रूप से कार्य किए जाएंगे।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु हो योजना

आयोजित बैठक में जिला सलाहकार समिति के सदस्यों ने कहा कि जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई जाए, जिससे जिले में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सके। उन्होंने सड़कों के निर्माण कार्य व मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्वक करने तथा जिले में ओव्हर लोडिंग करने वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी सड़कों को बेहतर बनाया जाए और आवश्यकतानुसार





पुल-पुलियों का निर्माण किया जाए। नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए नर्मदा पथ का सुदृढ़ीकरण करने तथा सांकेतिक चिन्ह लगाने की मांग की गई, जिससे नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें सुगम मार्गदर्शन मिल सके।

### पर्यटन को दिया जाए बढ़ावा

आयोजित बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यों ने जिले में चिकित्सा सुविधाओं तथा शैक्षणिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की बात कही, जिससे जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार हो सके। बैठक में जिले के प्राकृतिक स्थल, धार्मिक स्थल, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहरों को संरक्षित करने की मांग की गई, जिससे जिले के इन प्रमुख स्थलों पर अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके और पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई घोषणाओं पर शीघ्रता से कार्य करने की मांग की गई। आयोजित बैठक में किसानों के हित में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों को तत्परता से दिलाने की बात कही गई। जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज का आवंटन हो, जिससे किसानों को निर्धारित समय में खाद और बीज उपलब्ध हो सके और कृषि कार्य प्रभावित न हो।

### किसानों को मिले पर्याप्त बिजली

बैठक में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई। जल संरक्षण के लिए जिले में बोरी बंधान और स्टाप डैमों का निर्माण करने को कहा गया तथा निस्तार हेतु जल सरोवरों का निर्माण एवं सिंचाई हेतु नहरों का विस्तार करने की बात कही गई। जिले में उपभोक्ताओं और किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में विद्युत उपलब्ध रहे, जिससे किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए विद्युत की कमी का सामना न करना पड़े और उत्पादन में वृद्धि हो सके। आयोजित बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यों ने अवगत कराया कि जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में रोजाना ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसलिए जिला मुख्यालय में एक वृहद सुलभ कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाए, जिससे जिला मुख्यालय में आने वाले व्यक्ति इस सुलभ काम्पलेक्स की सुविधाओं का लाभ आसानी से उठा सकें। बैठक में स्पोर्ट्स क्लब तैराकी प्रारंभ करने की मांग की गई तथा डाकघर में एक पासपोर्ट कार्यालय खोलने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें अमल में लाया जाएगा, जिससे नरसिंहपुर जिले के विकास को नई दिशा, गति और सुदृढ़ आधार मिल सके।



# दो सौ रेल कर्मचारियों ने ली मजदूर संघ की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल सचिव का आगमन शनिवार को नरसिंहपुर स्टेशन पर हुआ । स्टेशन पर कार्यक्रम में जिला सचिव सुनील जाट के द्वारा स्वागत किया गया। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की मजदूर हितैषी नीति नीति से प्रेरित होकर लाल झंडा के पदाधिकारी सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुमन कुमार अपने सभी साथियों के साथ एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर टी आर डी अखिलेश झरवड़े, सीनियर सेक्शन इंजीनियर अभिमन्यु चैहान, कार्य निरीक्षक दिनेश कौरव सहित करीब दो सौ रेल कर्मचारियों ने मजदूर संघ की सदस्यता ली। जिला सचिव सुनील जाट ने कहा कि हमारा संगठन गांधी वादी विचारधारा से प्रेरित होकर कर्मचारी हित में कार्य करता है। मंडल सचिव डी पी अग्रवाल ने मंडल स्तर पर कर्मचारियों के हित में अन्य फोरम में उठाए जाने वाले मुद्दों के बारे में कर्मचारियों को बताया एवं आठवे पे कमीशन के बारे में कर्मचारियों से चर्चा की। इस अवसर पर नम्रता सोलंकी , सुषमा बाई, आरिफ खघन, ओमप्रकाश, भारत सिंह, राजेंद्र, बंटी राजपूत, विकास श्रीवास्तव, मान सिंह, ताराचंद, निरंजन सिंह, नईम खान, पवन रजक, पंकज बघेल सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र व संगठन सशक्तिकरण में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि: टेलर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के नरसिंहपुर जिले में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष पं रामस्नेही पाठक भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष प्रियांक जैन के नेतृत्व में उनका अभूतपूर्व और भव्य स्वागत करते हुए उनकी अगवानी की सर्वप्रथम युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने जिले में प्रवेश करते हुए मां नर्मदा जी के झिकोली घाट में पूजन अर्चन कर जिले मे अपने प्रवास कार्यक्रम की शुरुआत की तत्पश्चात आयोजित प्रवास कार्यक्रम मे साईखेड़ा से होते हुए गाडरवारा पहुंचे जहाँ पर वे युवा जनप्रतिनिधि संवाद कार्यक्रम मे उपस्थित जनप्रतिनिधियों से वार्तालाप कर विचारों का आदान - प्रदान किया तदुपरांत गाडरवारा, कौड़ियां, करेली होते हुए नरसिंहपुर पहुंचे रास्ते भर मे मोर्चा पदाधिकारियो ने जगह जगह भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया सभी मोर्चा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री के ऊर्जा बचत के आह्वान का पालन किया। प्रवास के अंत मे जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा के पित्र पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ संवाद एवं युवा मोर्चा जिला बैठक में शिरकत की। इस अवसर पर जिला कार्यालय में कार्यक्रम में मंचस्थ भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, भाजपा जिला अध्यक्ष पं रामस्नेही पाठक, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रियांक जैन, जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा,राहुल कौरव,राजाराम कस्तवार, डॉ. जय रोहाणी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन, शाखा नरसिंहपुर की बैठक झिरना पावर हाउस स्थित देवी मंदिर परिसर में घनश्याम सिंह पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष बीएस पटेल, संरक्षक सुभाष दुबे, कोषाध्यक्ष गणेश कुमार चतुर्वेदी, घनश्याम पटेल एवं ऋषि कुमार महोबिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें पेंशनरों की समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु निरंतर प्रयास करने, 19 जून को आयोजित एसोसिएशन के तृतीय स्थापना दिवस सम्मेलन एवं कार्यकारिणी चुनाव में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा प्रस्तावित कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत नरसिंहपुर के चयनित अस्पतालों से संपर्क कर उपचार प्रक्रिया एवं आवश्यक शर्तों की जानकारी प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। संगठन को अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान को गति देने पर भी सहमति बनी। कार्यक्रम के अंत में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जी के सोनी के सुपुत्र के असामयिक निधन तथा परिवार पेंशनर दिनेश कुमार कोष्टी की माताजी के स्वर्गवास पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में डीएस चैधरी, एलपी कहार, एसके शर्मा, सुरेश जैन, एस. विनोद सिंह, विजय कुमार नेमा, कृष्ण गोपाल शर्मा, राजकुमार नेमा, नेतराज सिंह कौरव, चेतराम नौरिया, अमर सिंह चैधरी एवं मोहनलाल पटैल सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गणेश प्रसाद चतुर्वेदी ने किया तथा आभार प्रदर्शन ऋषि कुमार महोबिया द्वारा व्यक्त किया गया।



### डेंगू दिवस पर दिलाई शपथ

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस राष्ट्रीय डेंगु दिवस पर स्वच्छता मच्छरजन्य परिस्थितियों को निर्मित नहीं होने देने मलेरिया और डेंगू की रोकथाम की दिशा में सी एच ओ, एन एम एम तथा आशा कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक गांव में साफ सफाई जल स्त्रोतों के आस पास कचड़ा जमा ना होने देने घरों में ठंडी हवा लेने लंबें समय तक कूलर पंखों को भरकर ना रखने कंटेनरों होदियां टंकियों घिनोचियों मटके कनारियों को अधिक समय तक भर कर ना रखे जाने के लिए गांव गली मुहल्लों में जन जागरण किया जाये।इस मौके पर विकास खंड स्तर के स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# 24 घंटे में पुलिस ने किया चोरी का खुलासा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के कसाई मंडी मे चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मोहम्मद यासीन उस्मानी, निवासी कसाई मंडी, शिवाजी वार्ड, थाना कोतवाली, नरसिंहपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके घर का ताला तोड़कर दोपहर में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331 (1), 305 (ए) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना कोतवाली की विशेष टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात की पहचान की गई। तत्पश्चात सघन तलाशी अभियान चलाकर चोरी की घटना कारित करने वाले नाबालिक विधि उल्लंघनकर्ता बालक को घटना के 12 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त आरोपी को विरूद्ध धारा 331(4), 306 (ए) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# मजदूर ही देश की आधारशिला मर्रावन में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस आदिवासी बाहुल्य वन ग्राम मर्रावन में तहसील स्तरीय विधिक सेवा समिति के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सदियों पुराने एक विशाल बरगद के वृक्ष के नीचे आयोजित इस शिविर में सिविल न्यायालय से न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवकांत कुशवाहा ने संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि मजदूर ही देश की आधारशिला है। हमें अपने अधिकारों को पाने संगठित भाव से एक होकर काम करना है। तथा अधिकारों को पाने के लिए हमारे संविधान निर्माताओं ने भी हमारे मौलिक अधिकारों को समावेशित किया है। मजदूरों को संगठित रहने के कई फायदे हैं। और संगठित रहने के कारण ही अनेक राष्ट्रों में जन क्रान्तियां भी हुई जिन्होंने तख्ता पलटा अन्याय अत्याचारों का खुलकर विरोध करने से पीछे नहीं भागना चाहिए।जानते हुए अत्याचार सहना भी एक अपराध की श्रेणी में आता है।हम अपने कानूनों के लिए सजक रहें। बड़े बुजुर्गो के अनुभवों मार्गदर्शन और अपनी मेहनत श्रम से हर मंजिल को पा सकते हैं।

*व्यशन मुक्त जीवनशैली अपनाएं*- विधिक सेवा समिति अध्यक्ष श्री कुशवाहा ने स्पष्ट किया कि अच्छे समाज निर्माण में अच्छे विचारों का होना भी जरूरी है। वहीं व्यसन मुक्त जीवनशैली अपनाने से जहां शरीरिक विकास होता है वहीं हम कई प्रकार की उलझनों से भी दूर रहते हैं। अपने बच्चों और स्वयं को व्यसनों से दूर रखें। बच्चों को सुशिक्षित संस्कारवान बनाएं।स्वच्थ समाज ही विकास तय कर सकती है। इस मौके पर ग्राम की आदिवासी महिला सरपंच संजो बाई ठाकुर के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। आजादी के बाद पहली बार आदिवासी बाहुल्य वन ग्राम मर्रावन पहुंचे किसी मजिस्ट्रेट का ग्राम के लोगों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। उक्त अवसर पर न्यायालय के अधीनस्थ कर्मचारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# सांसद विधायक ने किया सामुदायिक भवन और नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**तेंदूखेड़ा ।** शनिवार को ग्राम पंचायत सर्रा बंधी में नर्मदापुरम नरसिंहपुर सांसद चौधरी दर्शन सिंह क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सी सी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव गरीब किसान और अंतिम पंक्ति पर खड़े हर व्यक्ति के विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सड़क पानी बिजली आवास एवं सामुदायिक भवन जैसे जनहितकारी कार्य सरकार



की प्राथमिकता में शामिल हैं। यह सामुदायिक भवन गांव की सामाजिक सांस्कृतिक एवं जनसहभागिता गतिविधियों का केंद्र बनेगा और क्षेत्रवासियों को लंबे समय तक लाभ पहुंचाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। हम सभी का दायित्व है कि विकास के इन कार्यों को जनसहभागिता के माध्यम से सफल बनाएं और अपने गांव को आदर्श गांव बनाने में योगदान दें।इस मौके पर स्थानीय कार्यकर्ता ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।इस मौके पर ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पंचायत की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु एक मांग पत्र सौंपा। तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम जनगणना में अपनी महती भूमिका निभा रहे शिक्षकों को सम्मानित किया गया।छोटी छोटी शक्ति स्वरूपा कन्याओं का पूजन अर्चन किया गया।